# आकाशवाणी, गोरखपुर

**दिनांक–22 जुलाई 2025** **सान्ध्य समाचार**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने श्री जगदीप धनखड़ के अच्छे स्वास्थ्य की कामना की है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में प्रधानमंत्री ने कहा है कि श्री धनखड़ को भारत के उपराष्ट्रपति सहित विभिन्न पदों पर देश की सेवा करने के कई अवसर मिले। स्वास्थ्य कारणों से उन्होंने कल उपराष्ट्रपति पद से इस्तीफा दे दिया था। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु को लिखे पत्र में श्री धनखड़ ने कहा कि स्वास्थ्य प्राथमिकता और चिकित्सा परामर्श का पालन करते हुए उन्होंने तत्काल प्रभाव से इस्तीफा दे दिया है।

**********

उत्तर प्रदेश कृषि अनुसंधान परिषद के छत्तीसवें स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी का आज मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उद्घाटन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने प्रदेश में कृषि को सर्वाधिक रोजगार देने वाला क्षेत्र बताया।

*उत्तर प्रदेश के अंदर सर्वाधिक रोजगार देने वाला क्षेत्र कृषि आज भी है आप याद करीये लगभग तीन करोड़ किसान अकेले कृषि पर निर्भर है कृषि के बाद जो दुसरा सेक्टर है जो सर्वाधिक रोजगार दे रहा है वो एमेसेमी का सेक्टर है जिसमे एक लगभग करोड़ पैंसठ लाख के आस पास लोग इसेके माध्यम से रोजगार प्राप्त करते है और फिर अलग अलग सेक्टर में फिर लोगो ने अलग अलग प्रकार के अपने अनुसार अर्जित किये है।*

मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश विकसित होता है तो भारत को विकसित होने से कोई ताकत रोक नहीं सकती। श्री योगी ने कहा कि हमे भारत की जलवायु और मिट्टी के अनुरूप शोध तथा विकास को बढ़ाने के लिये खुद को तैयार करना होगा। प्रदेश के अन्दर यह सभी सम्भावनायें छिपी हुयी हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने देशवासियों के सामने दो हजार सैंतालीस तक भारत को विकसित करने का लक्ष्य रखा है। इस लक्ष्य को प्राप्त करने में राज्यों को भी अपनी भूमिका का निर्वहन करना होगा।

**********

कांवड़ यात्रा मार्गों पर स्थित ढांबा और रेस्त्रां पर क्यूआर कोड की अनिवार्यता का आदेश लागू रहेगा। सुप्रीम कोर्ट ने उत्तर प्रदेश सरकार के आदेश पर रोक लगाने से फिलहाल इनकार कर दिया है। प्रदेश सरकार ने कांवड़ यात्रा मार्गों पर स्थित खान–पान की दुकानों, ढाबों और रेस्त्रां पर मालिकों के नाम बताने वाले क्यूआर कोड को अनिवार्य किया है, जिसे सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गयी थी। इस मामले में आज हुयी सुनवाई के बाद न्यायमूर्ति एम.एम. सुन्दरेश और न्यायमूर्ति एन.के. सिंह की बेंच ने सरकार के आदेश पर रोक लगाने से फिलहाल इनकार किया है।

**********

प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने लखनऊ में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि कांवड़ियों के भेष में कुछ लोग प्रदेश का माहौल खराब करने की कोशिश कर रहे हैं लेकिन सरकार ऐसा होने नहीं देगी। ऐसे अराजक तत्वों को चिन्हित कर कड़ी कार्रवाई की जायेगी। उधर उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने भी लखनऊ में ही मीडिया से बातचीत में कहा कि प्रदेश में कानून व्यवस्था को कायम रखने के प्रति हमारी प्रतिबद्धता है। जो भी कानून का उल्लंघन करेगा, सरकार उन पर सख्त कार्रवाई करेगी। श्री पाठक ने कहा कि धर्मांतरण हो या कोई अन्य मुद्दा, हमारी सरकार हर मामले में कानून का सख्ती से पालन करा रही है। असामाजिक तत्वों और कानून विरोधी काम करने वालों की पहचान कर उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जायेगी।

**********

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड–सीबीएसई ने विद्यार्थियों की सुरक्षा के लिए अपने सभी विद्यालयों में ऑडियो–विजुअल रिकॉर्डिंग वाले उच्च क्षमता के सीसीटीवी कैमरे लगाना अनिवार्य कर दिया है। प्रस्तुत है एक रिपोर्ट–

*नए मानदंडों के अनुसार, प्रवेश और निकास द्वार, गलियारों, सीढ़ियों, कक्षाओं, प्रयोगशालाओं, पुस्तकालयों, कैंटीनों और खेल के मैदानों तथा शौचालयों को छोड़कर अन्य सामान्य क्षेत्रों में कैमरे लगाए जाएँगे। कैमरों में रीयल–टाइम रिकॉर्डिंग और कम से कम 15 दिनों का डेटा उपलब्ध रहेगा जिसका उपयोग आवश्यकता के अनुसार किया जा सकेगा। समाचार कक्ष से मैं अरुण।*

**********

अयोध्या पहुंचे प्रदेश के आयुष मंत्री दयाशंकर मिश्र दयालु ने आज बृजकिशोर होम्योपैथिक डिग्री कॉलेज में होम्योपैथी के जनक सर हैनिमैन की प्रतिमा का अनावरण किया। इस दौरान मीडिया से बातचीत में श्री दयालु ने कहा कि डॉक्टर हैनिमैन एलोपैथिक के डॉक्टर थे और उन्होंने होम्योपैथिक विधा की खोज की। उन्होंने कहा कि जर्मनी के बाद सर्वाधिक लोकप्रिय दुनिया में अगर कोई देश है तो वह भारत है जहां होम्योपैथिक विधा का इस्तेमाल होता है। यह दवा सस्ती और कारगर होती है।

**********

प्रसार भारती के मुख्य कार्यकारी अधिकारी और एशिया पेसेफिक इंस्टीट्यूट फॉर ब्रॉडकास्टिंग डेवलपमेंट जनरल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष गौरव द्विवेदी ने कहा कि प्रसार भारती भविष्य की जरूरतों को पूरा करने के लिए समाचार कक्ष में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस–एआई से संचालित समाधानों का परीक्षण कर रहा है। श्री द्विवेदी ने यह बात कंबोडिया के सिएम रीप में 20वें एशियाई मीडिया सम्मेलन के उद्घाटन सत्र में कही। श्री द्विवेदी ने कहा कि सार्वभौमिक पहुंच का सिद्धांत भारत में लोक सेवा प्रसारण के केंद्र बिंदु में है।

**********